>

Title: Need to set up a University for minority community in Sambhal Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

डॉ. शफ़ीकुर्रहमान बर्क़ (सम्भल): मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र " सम्भल) " की ओर दिलाना चाहता हूं । उत्तर प्रदेश का यह ऐतिहासिक और औद्योगिक नगर अब जिला भी बन चुका है । लगभग 80 प्रतिशत यह अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्र है और इस क्षेत्र से लगे हुए दूसरे शहरों व जिलों में भी अल्पसंख्यकों की अच्छी तादाद है । लेकिन एक सबसे बड़ी कमी यहां पर एक बड़ा विश्वविद्यालय/यूनिवर्सिटी का न होना है जिसकी वजह से यहां के होनहार बच्चे अच्छी तालीम से महरूम रह जाते हैं जो कि बड़े फिक्र की बात है और इसी वजह से यह 80 प्रतिशत अल्पसंख्यक बाहुल्य " सम्भल संसदीय क्षेत्र " तालीम में बहुत पिछड़ा हुआ है । मुझे पता चलता है कि केन्द्र सरकार की अल्पसंख्यक बाहुल्य क्षेत्रों में बड़े विश्वविद्यालय/यूनिवर्सिटी खोलने की योजना है ।

इसलिए मेरी सरकार से पुरजोर मांग है कि 80 प्रतिशत अल्पसंख्यक बाहुल्य वाले मेरे संसदीय क्षेत्र संभल में अल्पसंख्यक कोटे की एक यूनिवर्सिटी जल्द से जल्द खुलवाने की मेहरबानी करें ।